# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब समाज के अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ जाता है, तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है और यह प्रधानमंत्री जन–धन योजना से संभव हो पाया है। प्रधानमंत्री जन धन योजना को आज ग्यारह वर्ष पूरे होने पर उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में योजना से जुड़ी झलकियां साझा करते हुए यह बातें कहीं। प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट के जरिए बताया है कि कैसे इस योजना ने वंचित लोगों का वित्तीय समावेशन से सशक्तिकरण कर पूरे भारत में जीवन को बदल दिया है।

प्रधानमंत्री ने पंद्रह अगस्त दो हजार चौदह को लाल किले की प्राचीर से इस पहल की घोषणा की थी। अट्ठाइस अगस्त दो हजार चौदह को कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने इस अवसर को गरीबों की दुष्चक्र से मुक्ति का उत्सव बताया था। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री जन धन योजना का उद्देश्य व्यापक वित्तीय समावेशन लाना है और देश के सभी परिवारों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना प्रत्येक परिवार के लिए एक बुनियादी बैंकिंग खाते, वित्तीय साक्षरता, ऋण बीमा और पेंशन सुविधा तथा बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच के लिए एक मंच प्रदान करती है। अनुपम मिश्रा के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री जन धन योजना के ग्यारह साल पूरे होने पर बधाई दी है। उन्होनें कहा है कि यह योजना बैंक खाते खोलने के साथ ही आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक सम्मान और नारी सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक क्रांति सिद्ध हुई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रम कानूनों के सरलीकरण सहित उद्योग और व्यापार से जुड़े कई अन्य मुद्दों को लेकर आज लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान राज्य में उद्योग और व्यापार से जुड़े तेरह राज्य अधिनियमों में से निन्यानवे प्रतिशत आपराधिक प्रावधान समाप्त करने की तैयारी पर चर्चा हुई। इसके लिए सुगम्य व्यापार–प्राविधानों का संशोधन विधेयक दो हजार पचीस शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफार्म के मंत्र के अनुरूप मुख्यमंत्री ने प्रदेश में औद्योगिक और श्रम सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाया है। शीघ्र ही उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है जो व्यावहारिकता के दृष्टिकोण से बड़े पैमाने पर आपराधिक प्रावधानों को गैर आपराधिक प्रावधानों में परिवर्तित करेगा। आज आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के श्रमेव जयते के भाव को आत्मसात करते हुए हमे ऐसे सुधार करने होंगे जो उद्यमियों और श्रमिकों दोनों के हित में हों। बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही निवेश मित्र थ्री प्वाइंट जीरो पर भी विचार विमर्श किया गया। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज आकाशवाणी केन्द्र गोरखपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एक विशेष साक्षात्कार दिया। इस साक्षात्कार का प्रसारण आकाशवाणी के गोरखपुर केन्द्र से आज रात आठ बजे होगा।

**********

जम्मू में भारी वर्षा और भूस्खलन की घटनाओं को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे की भी कई ट्रेने प्रभावित हुई हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि तीन ट्रेने रद्द कर दी गई हैं, जबकि कल गुवाहटी से चली गुवाहाटी–जम्मू तवी एक्सप्रेस का रूड़की स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेशन हुआ है। वहीं कल जम्मू तवी से चलने वाली जम्मूतवी–गुवाहाटी एक्सप्रेस को अब जम्मू तवी के स्थान पर रूड़की से चलाने का फैसला लिया गया है।

**********

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने देशभर के स्कूलों से पांच से पंद्रह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समय पर आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने को कहा है। प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी, भुवनेश कुमार ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इससे संबन्धित शिविर आयोजित करने में सहयोग करने का अनुरोध किया है। एक रिपोर्ट–

**इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूआईडीएआई और शिक्षा मंत्रालय ने लगभग 17 करोड़ बच्चों के लिए यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस प्लेटफॉर्म पर आधार में लंबित अपडेट को सुगम बनाने के लिए सहयोग किया है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के अंतर्गत एक शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली है और स्कूली शिक्षा से संबंधित आँकड़े एकत्र करती है। अमन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष, से आनंद पाठक।**

**********

मौसम विभाग ने आज, एक और दो सितम्बर को प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं कहीं भारी वर्षा की चेतावनी दी है। विभाग के अनुसार अगले बहत्तर घंटों के बाद अधिकतम तापमान में भी तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी, हांलाकि न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा।

**********